नारी शिक्षा केंद्र में होगा समस्या का निदान

जासं, दुर्गापुर : दुर्गापुर कालेज में गुरुवार को विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कोलकाता सिटी कालेज की एसोसिएट प्रोफेसर डा. शाश्वती घोष एवं कोलकाता विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा. अरिजीता दत्त उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंग्रेजी विभाग की शिक्षिका रुना चटर्जी ने की। डा. शाश्वती घोष नारी विषयक समस्याओं पर शोधात्मक कार्य करती हैं। डा. अरिजीता दत्त कलकत्ता विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की शिक्षिका हैं और जादवपुर विश्वविद्यालय में महिला शिक्षा विभाग की सदस्य हैं।

कालेज में नारी शिक्षा केंद्र और नई विभाग का उदघाटन किया गया, जिसमें विद्यार्थी अपने समस्याओं का समाधान ले सकेंगे। आमतौर पर किसी भी महाविद्यालय में महिला केंद्र नहीं बनाया जाता है, जो आम तौर पर विश्वविद्यालयों में होता है। कालेज के स्तर पर यह पहल पहली बार की गई है।

गुरुवार को दुर्गापुर महिला कालेज में पत्रिका का विमोचन करती डा. शाश्वती घोष, रुना चटर्जी, डा. अरिजीत दत्ता व अन्य • जागरण

कार्यक्रम में कालेज के विभिन्न शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपनी सकारात्मक उपस्थिति दर्ज की। शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने काव्य आवृत्ति एवं गायन प्रस्तुत किया। अंग्रेजी विभाग की शिक्षिका ने महिला दिवस के आरंभ और स्त्री सशक्तिकरण पर सुमधुर वक्तव्य दिया। संस्कृत विभाग की शिक्षिका दोलन दत्त ने स्त्री सशक्तिकरण को समर्पित गायन किया। हिंदी विभाग की शिक्षिका पिनाकी सिंह ने एक कविता का पाठ किया। कार्यक्रम के बीच कालेज की वार्षिक पत्रिका 'प्रमा' का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। कालेज की प्रिंसिपल डा. महानंदा कांजीलाल के दिशा-निर्देश, उत्साह संवर्धन और सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ।

स्वास्थ्य पर वि